एन.आई.ओ.एस/शैक्षिक/2021/222/02/हिंदी

राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान

उच्चतर माध्यमिक

अध्याय - 02

मनोविज्ञान की पद्तियाँ

कार्यपत्रक - 02

1. एक मनोवैज्ञानिक सेवार्थी के असामान्य व्यवहार के पीछे की अभिप्रेरणा पर ध्यान केंद्रित कर रहा है। मनोवैज्ञानिक यहाँ किस दृष्टिकोण का उपयोग कर रहा है? इसकी विशेषताओं को स्पष्ट कीजिए।
2. एक अभिभावक बच्चे के बिस्तर गीला करने के व्यवहार के बारे में स्वास्थ्य पेशेवर से शिकायत करता है। इस पर मनोवैज्ञानिक प्रतिक्रिया देता है कि बच्चे के व्यवहार को वांछित दिशा में आकार दिया जा सकता है। दृष्टिकोण की पहचान कीजिए और इसकी विशेषताओं की व्याख्या कीजिए।
3. वर्तमान परिस्थितियों की आवश्यकता के अनुसार, किसी एक राष्ट्रीय मुद्दे की पहचान कीजिए और चयनित मुद्दे पे आसपास की आबादी की राय का अध्ययन करने के लिए न्यूनतम 10 प्रश्नों का एक सर्वेक्षण तैयार कीजिए। उन मनोवैज्ञानिक उपकरणों का भी उल्लेख कीजिए जिनका उपयोग जनसंख्या से डेटा एकत्र करने के लिए किया जा सकता है।
4. मानव व्यवहार का अध्ययन करने के लिए; मनोवैज्ञानिक विभिन्न दृष्टिकोणों का उपयोग करते हैं। व्यवहार और मानसिक प्रक्रियाओं का वर्णन, भविष्यवाणी और नियंत्रण करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोणों को परिभाषित कीजिए।
5. एक प्रयोग का उद्देश्य "किशोरों की आक्रामकता पर टेलीविजन के प्रभाव का अध्ययन करना" है। विभिन्न प्रकार के चरों को परिभाषित कीजिए। इस प्रयोग में सभी संभावित चरों की पहचान कीजिए। उचित कारणों से अपने उत्तर का समर्थन कीजिए। प्रासंगिक चरों के अवांछित प्रभाव को नियंत्रित करने के लिए आप किस तकनीक का उपयोग करेंगे।

6. "मनोवैज्ञानिक जांच के क्षेत्र में, केस स्टडी पद्धति का अपना महत्व और प्रासंगिकता है"। दिए गए कथन पर चर्चा कीजिए।

7. मनुष्य के साथ मनोवैज्ञानिक अध्ययन किए जाते हैं। इसलिए कुछ सिद्धांतों का पालन करना आवश्यक है ताकि प्रतिभागियों को कोई नुकसान न हो। मानव व्यवहार का अध्ययन करते समय ध्यान में रखे जाने वाले नैतिक विचारों पर चर्चा कीजिए।

8. आप अपने किसी मित्र या परिवार से उनकी रुचियों, मूल्यों और प्राथमिकताओं के बारे में साक्षात्कार करना चाहते हैं। विभिन्न प्रकार के साक्षात्कारों का उल्लेख कीजिए और आप दी गई स्थिति में किस प्रकार के साक्षात्कार से जानकारी एकत्र करना पसंद करेंगे और क्यों।

9. मानव व्यवहार के अध्ययन का उद्देश्य अपने शब्दों में स्पष्ट कीजिए। चर्चा कीजिए कि मानव व्यवहार का अध्ययन करने के लिए मनोवैज्ञानिक परीक्षण कैसे उपयोगी उपकरण हो सकते हैं। उचित कारणों से अपने उत्तर का समर्थन कीजिए।